Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-14 **Issue**- 19
Ghaziabad, Sunday, 09 October- 2022
09 October to 15 October- 2022
**Page:** 8


**Postal Registration No:** UP/GZB- 80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:**101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mo.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 2

Page 5

Page 8


# दिल्ली के लोगों को मास्क नहीं लगाने पर 500 रुपये के जुर्माने से मिली छूट

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के घटते मामलों को देखते हुए मास्क न पहनने पर लगने वाला 500 रुपये का जुमार्ना हटा दिया गया है। इसके साथ ही कोविड मरीजों के लिए दिल्ली में तीन जगहों पर बनाए गए कोविड केयर सेंटर को खत्म कर जगह खाली कर संस्थाओं को वापस करने का आदेश दिया गया है। आदेश के तहत मुख्य सचिव ने आदेश में कहा है कि यह सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई कि मास्क पहनना कोविड के उचित व्यवहार को बनाए रखने में उपयोगी है। फिर भी यह सहमति हुई कि अनिवार्य रूप से मास्क पहनने के आदेश



के तहत महामारी अधिनियम को 30 सितंबर 2022 से आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के मंगलवार को मिनट्स जारी कर दिए गए। ऐसे में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क न पहनने पर लगने वाला 500 रुपये का जुमार्ना 30 सितंबर के बाद से कभी भी वापस लिया जाएगा। इसके लिए जल्द ही स्वास्थ्य विभाग आदेश जारी करेगा। साथ ही इस बात पर सहमति हुई कि जिस भूमि पर तीन कोविड केयर सेंटर (सीसीसी) बने हैं, उन्हें खाली कर वापस सौंपा जाएगा। आदेश में कहा गया है कि राधा स्वामी सत्संग, छतरपुर और बुराड़ी स्थित सावन किरल व संत निरंकारी को संबंधित संस्थाओं को वापस सौंपा दिया जाएगा। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि इन कोविड केयर सेंटरों में चिकित्सा उपकरण और मेडिकल स्टोर को उन अस्पतालों में स्थानांतरित किया जाएगा जहां इसकी आवश्यकता होगी। ऐसे उपकरणों और भंडारों की उचित सूची तैयार की जाएगी।

## TIRUPATI EYE

### योगी का फरमान, 15 नवंबर तक सभी सड़कों को करें गडढामुक्त

सड़कों में गड्ढों की शिकायतों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 नवंबर तक प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को अपने आवास पर इंडियन रोड कांग्रेस के 81वें अधिवेशन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अफसरों को जल्द से जल्द सड़कों को गड्ढामुक्त करने का अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है। योगी ने कहा कि गांव हो या शहर, अच्छी सड़क प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। बेहतर कनेक्टिविटी किसी भी प्रदेश की प्रगति का बड़ा माध्यम होती है। बीते पांच वर्ष में सरकार ने इस दिशा में फोकस किया है, लेकिन समय-समय पर इनकी मरम्मत होनी चाहिए। बरसात का मौसम अंतिम चरण में है। ऐसे में सड़कों की मरम्मत और गड्ढामुक्ति का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, नगर विकास, सिंचाई, आवास एवं शहरी नियोजन, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, गन्ना विकास विभाग, औद्योगिक विकास विभाग सहित सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभागों को इसकी व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। लापरवाही पर जवाबदेही तय करेंमुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण गुणवत्ता की समय-समय पर जांच कराने, निर्माण में लापरवाही अथवा अधोमानक सड़कों के मामलों में संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय किया जाए।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
BUREAU CHIEF
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

# रामनवमी पर सेफरोन और रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने लगाया विशाल भंडारा

## विधि-विधान व पूजा अर्चना के साथ हुआ कन्या पूजन




**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर-12 फ्रेंड्स को-आपरेटिव सोसायटी में हर साल की तरह इस बार भी रामनवमी के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की ओर से आरएचएएम फाउंडेशन के नेतृत्व में विधिवत पूजा अर्चना के साथ भंडारा लगा। जिसमें बड़ी संख्या में लोग भंडारे में आए और प्रसाद ग्रहण किया। गाजियाबाद भार्गव समाज समिति के पदाधिकारियों ने भंडारे में मुख्य भूमिका निभाई। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि हर साल रामनवमी के उपलक्ष्य में भंडारा लगाया जाता है। इस बार भंडारे में लोगों को पर्यावरण संरक्षण, पॉलिथीन और प्लास्टिक के बहिष्कार के लिए जागरूक किया गया।

### कन्या पूजन कर दी दान-दक्षिणा

रो मनीषा भार्गव ने बताया कि रामनवमी पर विधिवत कन्या पूजन भी हुआ। कन्याओं को भोजन खिलाने के बाद दान-दक्षिणा दी गई।

पूजा अर्चना के दौरान माता रानी के जयकारों की गूंज सुनाई दी। कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष रो कुनिका भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव, प्रतीक भार्गव, रो अशोक अग्रवाल, रो जेके गौड, संजय, विक्रम, एसके गुप्ता, अजय आदि मौजूद रहे।

# सफाई अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक



**गाजियाबाद।** स्वच्छ भारत 2.0 अभियान के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र से सम्बद्ध महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान मुरादनगर द्वारा गंग नहर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। डीएम राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। अभियान में लगभग 15 टैक्टर कचरा निकाल कर डिस्पोज किया गया। इस मौके पर नेहरू युवा केन्द्र गाजियाबाद के उप निदेशक देवेन्द्र कुमार, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मुकन्द वल्लभ शर्मा, महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा, बबीता त्यागी, ऋतू, शैली त्यागी, डिम्पी, प्रीति, नेहा शर्मा, सफाई नायक राजकुमार, एसआई अनिल कुमार, जयप्रकाश, बिल्लू, अजय, आदि 50 सफाई नायक, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक प्राची, तालिब, अनस लोनी आदि मौजूद रहे।

# कुत्ते की समाधि पर प्रसाद चढ़ाने से दूर होती है रैबीज की बीमारी

**गाजियाबाद।** शहर के चिपियाना गांव के भैरव नाथ बाबा का मंदिर है, जिसके परिसर में कुत्ते की समाधि बनी है। मंदिर के बाहरी तरफ एक तालाब है। मान्यता है कि रैबीज की बीमारी, बंदर के काटने, फोड़े और फुंसी जैसे रोग मंदिर के बाहर बने तालाब में नहाने और कुत्ते की समाधि पर प्रसाद चढ़ाते ही छु मंतर हो जाते हैं। बाबा भैरव नाथ मंदिर का इतिहास करीब 75 साल पुराना है और आज भी बड़ी संख्या में लोग इन रोगों से निजात पाने के लिए यहां आते हैं और तालाब में नहाने के बाद कुत्ते की समाधि पर प्रसाद चढ़ाते हैं।



### लक्खा बंजारे ने बनवाई कुत्ते की समाधि

चिपियाना गांव के ही रहने वाले लक्खा बंजारे ने करीब 75 साल पहले भैरव मंदिर के अंदर कुत्ते की समाधि बनवाई थी। कुत्ते की समाधि के संबंध में एक पौराणिक कथा है कि उसके पास एक कुत्ता था। बंजारे ने एक सेठ से कुछ कर्ज उधार लिया था। समय पर कर्ज न उतार पाने की वजह से उसने अपना कुत्ता सेठ के पास गिरवी रख दिया था। कुछ दिन बाद सेठ के घर डकैती पड़ गई। ऐसा बताया जाता है कि उस समय कुत्ता लुटेरों पर जरा भी नहीं भौंका और बिल्कुल शांत रहा। सुबह वो सेठ की धोती पकड़कर उस जगह पर ले गया, जहां लुटेरों ने माल दबाया हुआ था। माल वापस पाकर सेठ बहुत खुश हुआ और उसने कुत्ते को कर्ज से मुक्त करके वापस लक्खा के पास भेज दिया।

### बिना सोचे समझे कुत्ते को मार दी थी गोली

लोगों के मुताबिक जब कुत्ता लक्खा बंजारे के पास आया तो उसने बिना सोचे-समझे ही उसे गोली मार दी थी। उसके मन में आया कि कुत्ता सेठ को धोखा देकर आ गया है। हकीकत का पता चलने पर उसे बहुत पछतावा हुआ। इसी पाप से मुक्त होने के लिए लक्खा ने भैरव बाबा के मंदिर में कुत्ते की समाधि बनवा दी। ऐसी मान्यता है कि आज भी रैबीज के मरीज यहां प्रसाद चढ़ाते ही ठीक हो जाते हैं। वहीं, मंदिर के बाहर बने तालाब में नहाने से भी कई रोग पल भर में छू मंतर हो जाते हैं। इस तालाब में नहाने के बाद रोगियों को अपने कपड़े वहीं छोड़ने होते हैं। इसके बाद कुत्ते की समाधि पर प्रसाद चढ़ाया जाता है। साथ ही, मरीजों को वहां पर रखी राख का तिलक भी लगाना होता है।

### दूर-दराज से आते हैं लोग

गाजियाबाद के अलावा मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, पिलखुवा, धौलाना शामली आदि क्षेत्रों के लोग रैबीज की बीमारी और फोड़े फुंसी होने पर मंदिर के बाहर नहाकर कुत्ते की समाधि पर प्रसाद चढ़ाते हैं।

# स्वस्थ बालक-बालिका प्रतिस्पर्धा पुरस्कार वितरण



**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी जयंती एवं समेकित बाल विकास सेवा योजना के शुभारंभ दिवस पर डीएम राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में स्वस्थ बालक-बालिका प्रतिस्पर्धा पुरस्कार वितरण हुआ। राष्ट्रीय पोषण माह में आयोजित गतिविधियों एवं 22 सितंबर, 2022 को आयोजित पोषण संभव अभियान के अंतर्गत स्वस्थ बालक-बालिका प्रतिस्पर्धा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन तथा जनपद के प्रत्येक ग्राम सभा में किया गया। इस अवसर पर स्वस्थ बालक-बालिका प्रतिस्पर्धा में प्रथम, द्वितीया एवं तृतीय आए बच्चों के अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक डीआरडीए पी0एन0 दीक्षित, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वार्ष्णेय, बाल विकास योजना अधिकारी एवं विकास भवन के समस्त कर्मचारी सहित मुख्य सेविकाओं तथा लाभार्थियों के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्री भी उपस्थित रहीं।

# गाजीपुर बार्डर पर किसानों ने किया हवन

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे स्थित गाजीपुर बॉर्डर (यूपी गेट) पर किसानों ने रविवार सुबह हवन किया और प्रसाद वितरित किया। चार साल पहले हरिद्वार से दिल्ली जा रहे किसानों पर ठीक इसी जगह लाठीचार्ज हुआ था। तब से वे हर साल यहां हवन करते हैं। भाकियू ने इस जगह का नाम 'किसान क्रांति गेट' रखा हुआ है। किसानों के जमावड़े के चलते पुलिस-प्रशासन के अधिकारी गाजीपुर बॉर्डर पर सुबह से मुस्तैद हैं। बैरीकेड्स लगाकर वाहनों को दूसरे कट से निकाला जा रहा है। 23 सितंबर को 2018 हरिद्वार से शुरू हुई किसानों की पदयात्रा 2 अक्तूबर 2018 को यूपी-दिल्ली स्थित गाजीपुर बॉर्डर पर पहुंची। किसान इस यात्रा को लेकर दिल्ली में राजघाट स्थित गांधी समाधी पर पहुंचना चाहते थे। दिल्ली पुलिस ने किसानों को राजधानी में एंट्री करने से रोक दिया। किसानों पर आंसू गैस के गोले बरसाए। पानी की बौछार की। किसानों को तितर-



बितर करने के लिए पुलिस ने लाठियां भी चलाईं। कई किसान चोटिल भी हुए। उसी वक्त भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत और प्रवक्ता राकेश टिकैत ने गाजीपुर बॉर्डर का नाम 'किसान क्रांति गेट' रख दिया था। गाजियाबाद से भाकियू जिलाध्यक्ष चौधरी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार सुबह 10 बजे आसपास के जनपदों के किसान गाजीपुर बॉर्डर पर इकट्ठा हुए। दिल्ली पुलिस के अत्याचारी रवैये को याद करते हुए हवन किया और फिर प्रसाद वितरित किया। बिजेंद्र सिंह ने आगे कहा, किसान आंदोलन के वक्त से बहुत सारी मांग अभी तक पूरी नहीं हो पाई हैं। इन सभी मांगों को पूरा कराने के लिए किसान फिर से एकजुट होने की तैयारी कर रहे हैं।

# कचरा धन प्रदर्शनी, बच्चों ने कबाड़ से बनाए शानदार मॉडल

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में गांधी जयंती पर तहसील परिसर में रविवार को कचरा धन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में दर्जनों स्कूल कॉलेजों के छात्रों ने कबाड़ से बनाए मॉडल प्रस्तुत किए। केएन मोदी इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान एडीएम प्रशासन रितु सुहास, विधायक मंजू शिवाच, पालिकाध्यक्ष अशोक माहेश्वरी और एसडीएम शुभांगी शुक्ला ने मॉडल का अवलोकन किया।

डॉ. केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के कक्षा दस के छात्र संदीप का पैकिंग के पुराने गत्ते और इंजेक्शन की सिरिंज से बना बुलडोजर आकर्षण का केंद्र रहा। रुकमणी गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा ने न्यूजपेपर से लाल किला बनाया। प्रदर्शनी में डॉ केएन मोदी ग्लोबल के छात्र छात्राओं ने जलियांवाला बाग हत्याकांड से संबंधित नाटक का मंचन किया। इस दौरान डॉ. केएन मोदी साइंस व कामर्स इंटर कॉलेज को प्रथम, जनता जूनियर हाईस्कूल फदीनगर को दूसरा और पीबीएस कन्या इंटर कॉलेज




को तृतीया स्थान मिला। विधायक और उपजिलाधिकारी ने विजेता छात्रों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

मुरादनगर में दीपशिखा महिला कल्याण समिति ने पल्लव निकेतन स्कूल में गांधी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल प्रधानाचार्या उमेश गांधी ने छात्रों को बताया कि गांधी जयंती हमें बापू के आदर्शों की याद दिलाती है। गांधी जी की विचारों से केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लाखों लोग प्रभावित हैं। उनसे प्रेरणा ले रहे हैं। गांधी जयंती पर छात्रों ने उनके प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजाराम' गाया। इससे पूर्व सभी ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। संतोष कर्दम, मोनिका, रजनी शर्मा, कविता, हरमन सिंह और गुरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# राज रिट्रीट सोसायटी में सफाई अभियान चलाकर लिया स्वच्छता का संकल्प

### ● सोसायटी परिसर में मैक्स लैब के द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन



**गाजियाबाद।** भोपुरा स्थित राज रिट्रीट सोसायटी में रविवार को स्थानीय लोगों ने सफाई अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए सोसायटी के सदस्यों ने बच्चों की मदद से सोसायटी के पार्क, सड़कों और अन्य जगहों से कचरा उठाया गया। इसके साथ ही अन्य लोगों को भी साफ-सफाई के लिए जागरूक किया गया। सोसायटी के सभी ने एकजुट होकर स्वच्छता का संकल्प लिया। वहीं, सोसायटी परिसर में मैक्स लैब के द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया गया। जिसमें लोगों ने अपने स्वास्थ्य की निशुल्क जांच कराई। बतौर मुख्य अतिथि भोपुरा पार्षद हरवीर कसाना पहुंचे और सोसायटी के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। पार्षद ने क्षेत्र की सभी समस्याओं का त्वरित गति से समाधान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रमों के आयोजन में राज रिट्रीट सोसायटी के अध्यक्ष अरुण प्रताप , कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही सोसायटी परिसर में साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया।

# गाजियाबाद में इंडस्ट्रियल एरिया की दस सड़कों का होगा कायाकल्प



**गाजियाबाद।** नगर निगम सीमा क्षेत्र में शहर के 14 औद्योगिक क्षेत्रों में 130 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जाने वाली सीमेंटेड सड़कों का दिल्ली में आगामी 10 अक्टूबर को प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी को सड़कों के प्रेजेंटेशन के लिए दिल्ली बुलाया है। शहर के औद्योगिक क्षेत्रों की हालत बहुत खस्ताहाल है। इनमें बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र के अलावा कविनगर, मेरठ रोड, साहिबाबाद, साउथ साईड ऑफ जीटी रोड, मोहननगर औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं। औद्योगिक संगठनों की कई बार मांग के बाद नगर निगम ने सितंबर माह में औद्योगिक क्षेत्र में ड्रोन से खस्ताहाल सड़कों का सर्वे कराया था। ड्रोन से सर्वे में सभी प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की चार- चार खस्ताहाल सड़कों को लिया गया था। इन सड़कों को सीसी रोड बनाने में 130 करोड़ रुपए का खर्च होने का प्रस्ताव बनाया गया हैं। नगर निगम ने सभी सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव बनाकर केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय को भेजा था और इसके लिए 50 करोड़ रुपए फंड मांगा था।नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी ने बताया कि निगम में केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के वायु प्रदूषण शाखा को प्रस्ताव भेजा गया था। प्रदूषण शाखा द्वारा एनसीआर में वायु प्रदूषण को कम करने की दिशा में हर साल कारगर प्रयास किए जाते हैं। निगम ने इसी के तहत शहर के औद्योगिक क्षेत्रों में सीसी रोड बनाने का प्रस्ताव भेजा था। चीफ इंजीनियर ने बताया कि नगर निगम के इस प्रस्ताव पर 10 अक्टूबर को प्रेजेंटेशन देने के लिए बुलाया गया है। औद्योगिक क्षेत्रों की प्रमुख खस्ताहाल सड़कों का पूरा ब्यौरा लेकर एवं इसकी वीडियोग्राफी कराकर 10 अक्टूबर को दिल्ली में प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रजेंटेशन के बाद मंत्रालय औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कों की हालत और उनकी प्रमुखता को देखकर ही फंड जारी करेगा। उन्होंने दावा किया कि 50 करोड़ रुपए मिलने पर तीन से चार महीने के अंदर औद्योगिक क्षेत्रों की खस्ताहाल सड़कों को दुरुस्त कर दिया जाएगा। इससे औद्योगिक क्षेत्रों में होने वाले वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी।

# हिंडन बैराज तक हरनंदी के दोनों छोर पर बनेगा रिवर फ्रंट



**गाजियाबाद।** हरनंदी की सफाई को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गंभीर हैं। उन्होंने मंडलायुक्त मेरठ को सहारनपुर से गौतमबुद्धनगर तक नदी की सफाई के लिए कार्ययोजना तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। इसको लेकर जिले में तैयारी तेज कर दी गई है।

गाजियाबाद में हरनंदी नदी के सुंदरीकरण के साथ ही करहेड़ा पुल से हिंडन बैराज रेलवे लाइन तक दोनों तरफ रिवर फ्रंट विकसित किया जाएगा। नदी के दोनों तरफ पोल लगाए जाएंगे, जिससे कि नदी के जमीन पर अतिक्रमण न हो सके और उसकी अलग से पहचान हो। इस संबंध सिंचाई विभाग के अधिकारी विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर रहे हैं।

रिवर फ्रंट विकसित करने के दौरान वहां पर बच्चों के खेलने के लिए एक मैदान, घूमने के लिए कच्चा पाथ-वे, क्योस्क, सुरक्षा के लिए गार्ड रूम, पार्किंग की सुविधा होगी। जिससे कि वहां पर आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।हरनंदी नदी देश की प्राचीनतम नदियों में से एक है। इसका उदगम स्थल सहारनपुर में शिवालिक की पहाड़ियों से है। सहारनपुर से मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर होते हुए यह नदी दिल्ली में यमुना नदी में मिलती है। सहारनपुर में नदी की चौड़ाई 300 मीटर तक है, जबकि अतिक्रमण के कारण गाजियाबाद में नदी की लंबाई कई स्थानों पर महज 30 मीटर रह गई है।

# नगर आयुक्त ने टीम के साथ उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन का दौरा किया

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने सोमवार को उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन का जायजा लिया। नगर आयुक्त ने दोनों भवनों के निर्माण की वर्तमान स्थिति और कार्य योजना को लेकर चीफ इंजीनियर एनके चौधरी ने विस्तृत जानकारी ली। उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन के निरीक्षण के बाद नगर आयुक्त कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन और नगर निगम के पेट्रोल पंप पर भी गये और वहां की कार्यप्रणाली का हाल जाना। नगर आयुक्त ने कहा कि प्राथमिकता वाली योजनाओं को काम हर हाल में निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाये। निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सर्तकता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता से किसी तरह का समज्झौता नहीं होगा। इंदिरापुरम में बने मानसरोवर भवन की ही तरह



उत्तरांचल भवन और पूर्वांचल भवन को भव्य बनाया जाएगा। यह दोनों परियोजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता के कार्य हैं। पिछले महीने गाजियाबाद आये मुख्यमंत्री योगी ने इन दोनों परियोजनाओं को लेकर अधिकारियों से जानकारी भी ली थी। दरअसल मुख्यमंत्री ने दिसंबर 2018 में गाजियाबाद में पूर्वांचल और उत्तरांचल भवन बनाने की घोषणा की थी। गाजियाबाद में राजनगर एक्स्टेंशन के पास नूर नगर में उत्तरांचल भवन और अर्थला में पूर्वांचल भवन का निर्माण हो रहा है। नगर आयुक्त का कहना है कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक



**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित एसआरएम इंस्टीयूट ऑफ सांइस एडं टेक्रोलॉजी एनसीआर कैंपस के एनसीसी कैडेट्स ने गांधी जयंती के अवसर पर मोदीनगर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के मुद्दों और प्रथाओ पर गहनता से बल देना था। जिससे समाज के अंदर स्वच्छता के प्रति जागरूकता आए और लोग अपने आसपास को स्वच्छ रख सकें। एसआर के निदेशक डॉ संजय विश्वनाथन ने कहा जागरूकता से ही स्वच्छता अभियान सफल हो पाएगा। स्वच्छ भारत अभियान एक ऐसी योजना है, जिसनें लोगो को सफाई संबंधी आदतों को बेहतर बनाना लोगो को गंदगी से होने वाले दुष्प्रभावों के बारें में बताना है। हम लोग बखूबी जानतें है कि अगर भारत को स्वच्छ बनाना है तो, इसके लिए सबसे जरूरी बात है यह कि इस योजना को जन-जन तक पहुंचाया जाए और इसकी शुरूआत खुद से की जाए। क्योंकि बगैर जन-जागरूकता के इस मिशन को पूरा नही किया जा सकता। डीन एकेडमिक डॉ डीके शर्मा, डीन कैंपस लाइफ डॉ नवीन अहलावत ने सभी कैडेट्स को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर एनसीसी केयर टेकर डॉ संदीप कुमार व एनसीसी इंस्ट्रक्टर ज्योति सचदेवा आदि मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित स्टैग लेट्स प्ले टेबल टेनिस एकेडमी में चल रहे तृतीय डिस्ट्रिक्ट गाजियाबाद टेबल टेनिस रैंकिंग टूनार्मेंट-2022 का समापन हो गया। प्रतियोगिताएं 30 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलीं और 3 अक्तूबर को समापन समारोह हुआ। इस प्रतियोगिता में पूरे जनपद से करीब डेढ़ सौ खिलाड़ी सम्मिलित हुए। पहली बार टूनामेंट खेल रही आहेली महाजन एवं परमीत कौर की जोड़ी ने अंडर-17 गर्ल्स डबल्स एवं विमेंस डबल्स में सिल्वर मेडल जीता। इसी एकेडमी की इंटरनेशनल टेबल टेनिस खिलाड़ी राधाप्रिया गोयल गाजियाबाद से बाहर होने की वजह से इस टूनामेंट में शामिल नहीं हो पाईं। आयोजक सचिव अमित गुप्ता ने गाजियाबाद एसोसिएशन ऑफ टेबल टेनिस के सचिव ऋषिराज त्यागी का धन्यवाद जताया।

# आप नेता का भाजपा पर हमला, यूपी में नियंत्रण में नहीं है अपराध



**गाजियाबाद।** आम आदमी पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ का प्रांतीय सम्मेलन सोमवार को लोहियानगर स्थित हिन्दी भवन में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में कार्यकताओं के साथ प्रशिक्षण और संवाद हुआ। दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं यूपी प्रभारी संजय सिंह रहे। उन्होंने कहा, प्रदेश के अंदर अपराधों पर नियंत्रण नहीं है। आए दिन महिलाओं पर अत्याचार की खबरें प्रकाशित होती रहती हैं।

हम यदि विपक्ष में होने का फर्ज निभाते हुए विरोध करें, तब हम पर मुकदमे लिख दिये जाते हैं। देश के प्रधानमंत्री अपने उद्योगपति मित्रों को रेबड़ियां बांटने में लगे हैं। किसान, व्यापारी, युवा परेशान हैं। व्यापारियों को अपनी व्यापार चलाने मुश्किल हो गए हैं। उन्होंने व्यापारियों से आह्वान किया कि वे आमजन के मुद्दों पर सरकार के खिलाफ रणनीति बनाकर आंदोलन करें। पूर्व विधायक नितिन त्यागी ने दिल्ली चुनाव के अपने अनुभव साझा किए। व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर छवि यादव, प्रांतीय अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका, गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष निमित यादव, प्रदेश महासचिव मधुर सेठ, आप जिलाध्यक्ष डॉक्टर सचिन शर्मा, व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा, स्टेट कोऑर्डिनेटर व्यापार प्रकोष्ठ शरदिंदु शर्मा, पुरषोत्म सिंह, रोबिन त्यागी, कृष्णा चौधरी, महानगर अध्यक्ष निमित यादव, मुकेश प्रजापति, तरुणिमा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# Editorial

## On the Gandhis and the Congress president election

A contest for its top post, a rare event for any political party in India, has turned the spotlight on the Congress. Around 8,000 delegates will vote on October 17 to elect a new chief for the party. It was the refusal of Rahul Gandhi to return to hold the formal reins of the party that set the ball rolling in this direction. Mr. Gandhi also made it clear that his mother Sonia Gandhi could not continue as president, and his sister Priyanka Gandhi Vadra cannot contest. Leaving the road clear for a relatively open contest for the top post which is reserved for a member of the Nehru-Gandhi family whenever one of them claimed it, Mr. Gandhi set out on a walk from the southern tip of the country towards the north. His Bharat Jodo Yatra has also struck a chord with people in the areas it has touched so far. Mrs. Gandhi had wanted Rajasthan Chief Minister Ashok Gehlot to contest, and he appeared to be agreeable, initially. But the efforts to effect a transition in the State ended in chaos, grounding the plans for his candidacy. MLAs in Rajasthan want Mr. Gehlot to continue in office. The Rajasthan episode was badly managed by the party, showing itself and a loyal veteran in a bad light. It was avoidable. The contest is actually for the second most important position in the Congress. It is clear that Mr. Gandhi will remain the final authority in the party, while the elected president will be tasked with the running of the organisation. The BJP has had supreme leaders above party presidents — A.B. Vajpayee and L.K. Advani at one point and Narendra Modi and Amit Shah now. There is a valid perception that the family is tilting the scales in favour of one contestant — Mallikarjun Kharge — against Shashi Tharoor, which needs to be dispelled. The Nehru-Gandhi family's moral authority over the party stems from its neutrality and fairness in internal tussles.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# Hardik Pandya named in Adam Gilchrist's top five T20I players



Adam Gilchrist has named Hardik Pandya in his list of top T20I players in the world today, saying that he is just an awesome player across the board.

Pandya has enjoyed a great run in T20Is this year as he has produced some top performances with both bat and ball. This has earned him some high praise from many former players over the past few months.

Speaking to ICC's official website, Gilchrist named the India all-rounder in his top T20I players and said that the 28-year-old is just an awesome figure across the board.

"Pandya is just an awesome figure straight across the board," Gilchrist said. "His ability to bat, bowl, field and entertain, he's definitely in there." Gilchrist also named David Warner, Rashid Khan, Jos Buttler and Pakistan skipper Babar Azam in his list. Former Australia all-rounder Shane Watson is also a big fan of Pandya. The India all-rounder is constantly compared with England's Ben Stokes, but Watson feels that the former is way ahead of the latter when it comes to T20 cricket.

Watson also feels that Pandya is at the peak of his powers at the moment. "Hardik is absolutely at the peak of his powers at this moment. It is an absolute treat to watch him play. I love watching fast-bowling all-rounders who steam in and have a real crack. You know, the impact they can have and they can take the game away from the opposition at any time of the game, whether it is with the bat and ball," said Watson.

"It is really pleasing to see Hardik playing like he is doing right now. And in regards to T20 cricket, Hardik is way above where Ben Stokes is right now. With the way Hardik is batting, his versatility while batting at the end, the way he is bowling. Right now, at this moment, Hardik is the stand-out," said Watson.

# David Miller opens up on scary snake incident which halted play in second T20I



David Miller has opened up on the scary snake incident that stopped play during the second T20I match between India and South Africa on Sunday. Having won the toss, Temba Bavuma put India into batting and the openers got off to a flyer. However, in the seventh over of the game, a snake was spotted on the ground, which caused a lot of panic and commotion on the field, causing the play to be stopped. The ground staff had to step in and escort the snake off the ground for the game to continue. Miller, who was South Africa's hero with the bat on the day, commented on the issue during the post-match press conference, as quoted by AP, and said that it was out of their control and it gave them a bit of time to process what was happening in the powerplay. The southpaw went on to say that there was a lot going on the pitch at the time.

"You know, that's out of our control. And it kind of just gave us a bit of time to to kind of just process what actually happened in the power play. You know, the first couple of overs and just give us a little bit of time to chat about it and think about the way forward. And then there was the issue with the snake as well. So I mean, there was a lot going on today. But yeah, I mean, it, uh, it did give us a little bit of time just to breathe and just to think about what we needed to do, " said Miller.

# Manchester United manager Erik ten Hag says he didn't play Cristiano Ronaldo in Manchester derby 'out of respect'



Manchester United manager Erik ten Hag said that he didn't play Cristiano Ronaldo against Manchester City "out of respect for his big career". United suffered a humiliating 3-6 thrashing in the Manchester derby in a Premier League match at Etihad Stadium on Sunday, October 2. In spite of winning their previous four matches, United trailed 0-4 at half-time.

When asked about Ronaldo's exclusion, the United boss Erik ten Hag said he spared the Portuguese because: "I wouldn't bring him in because we are 0-4 down out of respect for Cristiano, for his big career. The other thing there was an advantage, I could bring on Anthony martial who needed the minutes but I don't want to point it out like that."However, Erik ten Hag made no attempt to protect other players at half-time before Martial's late double. At half-time, Manchester United fans began to leave the stadium after witnessing a traumatic first 45 minutes.

Erling Haaland and Phil Foden both scored hat-tricks for Manchester City. The United manager Erik ten Hag said: "I also told the place, a lack of belief. I've seen some highlights. It was obviously that we are defending not front foot. I will let them play. We were in possession, not brave enough no technical skills, mistakes, decision mistakes, and then you get hammered."

It's starting once again with belief on the pitch that you can get a result, that you can beat your opponents. So in and out of position. Then the consequence of it is that we don't follow rules and we don't follow principles, and then you don't act as a team and then it goes away, it went."

# Erling Haaland was born with incredible instinct



Manchester City manager Pep Guardiola said that Erling Haaland was born with incredible instinct after he scored a hat-trick in the Manchester derby.

City thrashed United 6-3 in a Premier League match at Etihad Stadium on Sunday, October 2. Haaland displayed his phenomenal start with his third hat-trick in just eight matches in the competition.

The Norwegian striker has now taken his goal tally for Manchester City to 17 in just 11 appearances. Haaland has started in every match since he joined City from Borussia Dortmund.

"I have said many times and I will say it again. What he is doing today, he has done in Norway, Austria and Germany," Guardiola said. "That is the reality.

# गाजियाबाद के लोनी में एलपीजी सिलेंडर फटने से चार लोगों की मौत

**गाजियाबाद।** लोनी इलाके में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां सिलेंडर फटने से दो मंजिला मकान ढह गया। हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि 2 लोगों की हालत गंभीर है। मरने वालों में घर के मालिक मुनीर का बेटा मुज्जसर, बहू रुकैय्या (24), पोती इनायत (10 महीना) और बेटी सानिया (15 साल) शामिल हैं। शबनूर, बेबी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अफसर पहुंच गए हैं। कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका है। जिसके लिए राहत और बचाव कार्य चल रहा है।घटना लोनी थाना क्षेत्र के बबलू गार्डन की है। यहां ऑटो



मैकेनिक मुनीर का दो मंजिला मकान है। इसमें मुनीर की पत्नी, 4 बेटे, 2 बहू और बच्चे रहते हैं। बुधवार सुबह करीब 10 बजे घर की रसोई में खाना बन रहा था। हादसे के वक्त मुनीर और उसका एक बेटा घर से बाहर थे।

बताया जा रहा है कि गैस लीकेज होने से रसोई में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा घर आग की चपेट में आ गया। समय रहते आग पर काबू नहीं पाए जाने से सिलेंडर फट गया। इस वजह से तेज धमाके के साथ घर का ज्यादातर हिस्सा गिर गया। जिसमें घर के लोग दब गए। धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे।

कुछ ही देर में स्थानीय पुलिस, फायर ब्रिगेड और नगरपालिका की टीम मौके पर पहुंच गई। खउइ से मलबा हटाकर तीन लोगों के शवों को बाहर निकाला। इसके अलावा हादसे में घायल 3 लोगों को मलबे से निकालकर अस्पताल में भेजा। जहां इलाज के दौरान एक ने दम तोड़ दिया।इसी इलाके के रहने वाले मुफैद ने बताया, ₹मैं रास्ते से घर जा रहा था। तभी बाइक सवार लोग एक घायल को ले जाते दिखे। मैं तुरंत भागकर मौके पर पहुंचा। 2 साल के बच्चे को मलबे से बाहर निकाला। एंबुलेंस तक पहुंचाने से पहले ही उसने मेरी गोद में दम तोड़ दिया। पड़ोसी इमनातुल्लाह ने बताया, ₹मैं अपने घर से बाहर निकला था। अचानक तेज आवाज हुई। यहां धूल-मिट्टी इतनी थी कि कुछ नहीं दिख रहा था। एक बच्चा 10-12 साल का सोफे पर बैठा हुआ था। इतने में चीख-पुकार सुनाई दी। तुरंत लोग मौके पर आए और घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया।

## मनोज धामा ने थामा राष्ट्रीय लोकदल का दामन



**गाजियाबाद।** लोनी नगरपालिका की चेयरमैन रंजीता धामा, मनोज धामा और भाजपा के कुछ सभासदों ने राष्ट्रीय लोकदल में शामिल होने के बाद जमकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा हैं। बेहटा हाजीपुर गांव में धामा परिवार ने प्रेस वार्ता कर आगामी चुनाव में भाजपा को धूल चटाने की बात कहीं है। मनोज धामा ने बताया कि वह राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के विचारों से प्रभावित होकर लोकदल में शामिल हुए हैं। लोकदल वर्तमान में भाजपा का विकलप हैं। उन्होंने कहा कि लोनी में कोई विपक्ष नहीं है, अब एक प्रलेटफार्म मिल गया है। अब वह खुलकर बोलेंगे और विपक्ष की भूमिका अदा करेंगे। लोनी में स्थानीय जनप्रतिनिधि के सरंक्षण में भूमाफियां सक्रिय हैं। डीएलएफ में सरकारी जमीन पर कब्जा हुआ है। उन्होनें कहा कि पिछले दिनों उनके खिलाफ झुठे मुकदमें दर्ज हुए, उन्हे जेल जाना पड़ा, लेकिन वह ना झुके है, और ना दबे हैं। उन्होंने आरोप लगाए है कि इस सरकार में कोई सुनने वाला नहीं है। यहां सरकार नाम की चीज नहीं है। लोनी में कुछ काम नहीं हुए है। जो काम किए है वह नगरपालिका ने कराए है। उन्होंने हमेशा कांटों का ताज और लोहे के जुते पहनकर काम किया है।

लोनी नगरपालिका के चुनाव लड़ने को लेकर उन्होंने कहा है कि वह शर्त लगाकर लोकदल में नहीं गए हैं। अगर पार्टी को लगेगा कि वह काबिल है, तो पार्टी मौका देगी। चुनाव लड़ा जाएगा और जोरदार चुनाव लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा को धुल चटाने का काम किया जाएगा।

## धूमधाम से निकाली गई वार्षिक रथयात्रा महोत्सव की झांकी

**गाजियाबद।** साहिबाबाद डी ब्लॉक 210 श्याम पार्क एक्सटेंशन श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर की वार्षिक शोभायात्रा रथ यात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई। मंदिर समिति के महामंत्री सुनील जैन ने बताया कि भगवान महावीर पारसनाथ दिगंबर जैन की शोभा यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर जिंदल मार्केट नवीन पार्क मदर डेयरी सेक्टर 5 राजेंद्र नगर सेक्टर 3 राजेंद्र नगर लाजपत नगर होते हुए यात्रा श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर समाप्त हुई। जगह जगह रथ यात्रा का जैन समाज के द्वारा स्वागत किया गया।

पुष्प वर्षा और आरती की गई। लोगों को प्रसाद के रूप में मिठाई फल ठंडा बिस्कुट आदि बांटा गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से श्री 1008 पार्श्वनाथ जी की रथ में सवारी निकाली गई और मुख्य आकर्षण झांकियां बैंड बाजा शहनाई घोड़ी बग्गी ट्रैक्टर ट्राली और भगवान पारसनाथ दिगंबर जैन महावीर जी के रथ में लगे घोड़े



जिनको जैन समाज के लोगों के द्वारा अपने हाथों से खींच कर रथ को चलाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेक्टर 5 निवासी प्रेमलता जैन का भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर राजेश जैन, रश्मि जैन, एसपी जैन, पवन कुमार जैन, प्रदीप जैन, आलोक जैन, मुकेश जैन के अलावा कर्नल जेएस तुली अनिल गोस्वामी, पार्षद कुसुम सिंह, एसपी सिंह, नरेंद्र चौधरी, पार्षद आनंद गुप्ता, संजय जैन राजीव जैन सतीश जैन अमन जैन जितेंद्र जैन मीनू जैन, सुनील जैन सुनील कुमार जैन, विनय जैन, जयप्रकाश जैन, अनिल जैन, नवीन जैन, अनीता जैन,टीआर पांडेय आदि मौजूद रहे। स्वागत करने वालों में नीरज जैन, एकता जैन, सपना जैन, अनुज जैन, पीसी जैन, अरुणा जैन, डीके जैन, बृजेश जैन आदि मौजूद रहे।

## वैशाली के सनवैली स्कूल में 'उत्सव-बहार'

**गाजियाबाद।** सन वैली इंटरनेशनल स्कूल, वैशाली में 'उत्सव-बहार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें छात्राओं ने डांडिया नृत्य कर सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या प्रीति गोयल द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में सद्भावना यात्रा निकाली गई।

विद्यार्थियों द्वारा प्रतिवेदन, वृत्तचित्र, रेडियो- जॉकी एवं आभासी-यात्रा प्रस्तुतियों के माध्यम से महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, उनके कार्यों, उनके विचारों तथा उनके जन्म एवं कर्म स्थलों से अवगत करवाया गया।तदनन्तर नवरात्रि के शुभावसर पर 'डांडिया - रास' आयोजित किया गया। जिसमें अध्यापिकाओं एवं विद्यार्थियों की माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मातृ-शक्ति एवं मातृ-भक्ति का



अद्भुत संगम दृष्टिगोचर हो रहा था। अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक 'दशहरा' पर विद्यार्थियों द्वारा 'रामायण' को गीत रूप में प्रस्तुत किया गया।

प्रधानाचार्या प्रीति गोयल द्वारा विद्यार्थियों को श्रीराम, आदिशक्ति, महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री सदृश बनने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में सभ्य, देशभक्त नागरिक बनने के मूल्य विकसित करने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

## हैदराबाद सत्याग्रह आर्य समाज का स्वर्णिम अध्याय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन

### देश को आजादी दिलाने में आर्य समाज की अहम भूमिका

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में 'हैदराबाद सत्याग्रह आर्य समाज का स्वर्णिम अध्याय' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह करोना काल में 449 वां वेबिनार था। मुख्य वक्ता माता द्रोपदी तनेजा (82 वर्षीय) ने कहा कि ऑनलाइन प्रोग्राम हम बजुर्गों के लिए वरदान साबित हुए,समय अच्छा कट जाता है।

उन्होंने अपने मन की पीड़ा को व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपने क्रांति वीरों को याद नहीं करते। 800 वर्षों तक भारत में मुसलमानों का राज्य रहा ओरंगजेब ने हैदराबाद का शासन निजाम को दे दिया उसने हैदराबाद के हिन्दू शासक को मारकर स्वयं शासक बन गया और शासन किया उसके राज्य में मुसलमानों की संख्या 11 प्रतिशत थी और जबकि हिंदुओं की आबादी 89 प्रतिशत थी। आर्य समाज हिंदुओं के पक्ष में था,उसे देख निजाम चिढ़ता था।1942 को अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन हो रहा था। प.राम प्रसाद बिस्मिल,भगत सिंह और अशफाकउल्ला खां ने आजादी के लिए कुबार्नी दी,हिन्सा होते ही महात्मा गांधी आंदोलन बंद करा देते थे। हैदराबाद के निजाम ने मंदिरों में घंटी,पूजा,ओम ध्वज, प्रभात फेरी पर प्रतिबंध लगा दिया था।

उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह के दादा सरदार अर्जुन सिंह विशुद्ध आर्य समाजी थे और इनके पिता सरदार किशन सिंह भी आर्य समाजी थे। भगत सिंह के विचारों पर भी आर्य समाज के संस्कारों की छाप स्पष्ट दिखाई पड़ती है।सांडर्स को मार कर भगत सिंह आदि पहले तो लाहौर के डी.ए.वी.कालेज में ठहरे,फिर योजनाबद्ध तरीके से कलकत्ता जाकर आर्य समाज में शरण ली और आते समय आर्य समाज के चपरासी तुलसीराम को अपनी थाली यह कहकर दे आये थे कि कोई देशभक्त आये तो उसको इसी में भोजन करवाना।

## हिंदुओं को जागरूक करने के लिए गाजियाबाद से मेरठ तक पदयात्रा

**गाजियाबाद।** डासना के शिव शक्ति धाम मंदिर से गुरुवार को महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी अपने 20 शिष्यों के साथ मेरठ के गांव खजूरी तक पदयात्रा शुरू की। महामंडलेश्वर ने कहा कि वह इस्लाम के जिहाद से पूरे हिंदू समाज को जागरूक करने के लिए यह पदयात्रा निकाल रहे हैं। दरअसल, परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खजूरी में 26 सितंबर की रात 20 वर्षीय दीपक त्यागी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। बाद में पता चला कि उसकी हत्या कर दी गई है और सिर काटकर एक खेत में दबा दिया गया है। पुलिस ने करीब 6 दिन बाद सिर बरामद किया और इस हत्याकांड में दो मुस्लिम युवकों की गिरफ्तारी हुई। इसमें एक हत्यारोपी की बेटी से मृतक के अवैध संबंध थे, जिसको लेकर यह वारदात की गई। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने कहा, नेताओं की गलत नीतियों के कारण आज भारत के हर हिन्दू का परिवार और अस्तित्व खतरे में पड़ चुका है। अब इस्लाम के जिहादियों से कोई भी सुरक्षित नहीं है।

# टाइम 100 इम्पैक्ट अवॉर्ड स्पीच के दौरान आलिया के बेबी ने किया परेशान



सिंगापुर में रविवार को आलिया भट्ट करे टाइम 100 इम्पैक्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर आलिया शिमर गाउन में बेहद खूबसूरत नजर आईं। अवॉर्ड लेने पहुंची आलिया ने इस अचीवमेंट को लेकर शानदार स्पीच भी दी। इस अवॉर्ड स्पीच के दौरान आलिया ने अपनी कामयाबी के साथ-साथ कमियों का जिक्र भी किया। जल्द मां बनने जा रहीं आलिया ने अपनी स्पीच के दौरान बेबी की एक क्यूट हरकत के बारे में भी जिक्र किया। एक्ट्रेस आलिया भट्ट को रविवार को सिंगापुर में टाइम 100 इम्पैक्ट अवॉर्ड से नवाजा गया। इस मौके पर आलिया ने बेहतरीन भाषण भी दिया। आलिया ने इंटेलीजेंस को लेकर मजाकिया अंदाज में इस स्पीच को शुरू किया। आलिया ने कहा कि वह कुछ इंटेलीजेंट स्पीच देने से पहले खुद पर थोड़ा सा प्रेशर महसूस कर रही हैं। आलिया ने कहा, ह्यमुझे लगता है कि 10 साल पहले जब मैंने काम करना शुरू किया था, तो मैंने सोचा था कि मैं कैसे एक दिन दुनिया में छाउंगी। कैसे हर कोई मेरे बारे में जानेगा  कि मैं कौन हूं और मैं कितनी मेहनती, इंटेलिजेंट हूं। मैं परफेक्ट बनना चाहती थी और मैं चाहती थी कि दुनिया इसे जाने। आलिया इस बात को स्वीकार किया कि वह नहीं जानती कि उन्होंने आखिरकार ये सब कैसे हासिल भी कर लिया। इन दिनों अपने प्रेग्नेंसी फेज को एंजॉय कर रही आलिया ऑफस्क्रीन एक्टिव नजर आ रही हैं। वह प्रेग्नेंसी के बावजूद कई इवेंट्स पर शिरकत कर रही हैं। सिंगापुर में ळी 100 अवॉर्ड पाने को लेकर आलिया बेहद खुश नजर आईं। उन्होंने इसके लिए अपने परिवार और टीम का शुक्रियाअदा किया। आलिया ने कहा कि ये अवॉर्ड ना केवल उनके लिए बेहद खास बल्कि उनके साथ-साथ ये अचीवमेंट उनके बच्चे पर भी प्रभाव डालेगी। अपनी इस स्पीच के दौरान आलिया ने कहा- 'इस अवॉर्ड ने वास्तव में मुझ पर और मेरे बच्चे पर प्रभाव डाला है, जिसने इस पूरे भाषण में मुझे लगातार लात मारी है।' आलिया ने स्पीच के आखिर में बताया कि कैसे पूरी स्पीच के दौरान उन्होंने लगातार बेबी ककिंग को एक्सपीरियंस किया। बता दें इस अवॉर्ड इवेंट में आलिया ने अपनी स्पीच के दौरान अपनी अचीवमेंट्स के साथ-साथ अपनी कमियों की भी दुनिया के सामने जाहिर किया। आलिया ने कहा, ह्यआज रात, मैं अपनी खूबियों के साथ-साथ अपनी खामियों का जश्न मनाने के लिए आप सभी के साथ कुछ शेयर करना चाहती हूं। जैसे कि मैं स्पेलिंग्स (वर्तनी) लिखने में बेहद खराब हूं। और मेरी भूगोल ज्ञान भी जीरो है। मुझे डायरेक्शंस का पता नहीं चलता। लेकिन मेरे दिल में हर कल्चा के लिए सम्मान और सम्मान की गहरी भावना है। मेरा जनरल नॉलेज रूप बहुत कमजोर मा है। लेकिन मेरी भावनात्मक बुद्धिमत्ता एक ऐसी चीज है जिसे विकसित करने के लिए मैंने वास्तव में कड़ी मेहनत की है। मुझे मेरे वजन और अपने रूप-रंग के मामले में खुद पर टफ होने की भी जरूरत है लेकिन मैं फ्रेंच फ्राइज को कभी ना नहीं कह सकती क्योंकि, आप जानते हैं, जिंदगी केवल एक बार ही मिलती है।

# यूपी की सड़कों पर 10 दिन चलेगा विशेष अभियान



## माल वाहन पर सवारी बैठाते दिखा तो लगेगा 10 हजार रुपए का जुर्माना

यूपी की सड़कों पर अगले 10 दिनों तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान कोई माल वाहन पर सवारी बैठाते दिखा तो उसपर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगेगा। यदि कोई ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करे तो इन नंबरों पर सूचना दें.. । ये नंबर हैं-0522-2390468 और 9454402555 हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से यात्रा के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रक से यात्रा असुरक्षित है। इसलिए यात्रा के लिए किसी भी दशा में ट्रैक्टर ट्रॉली या ट्रक का उपयोग न किया जाए। मुख्यमंत्री कानपुर नगर में हुए दो सड़क हादसों के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने और घायलों का हालचाल लेने के लिए कानपुर नगर जाने से पहले, रविवार को अपने सरकारी आवास पर सड़क सुरक्षा के संबंध में परिवहन और गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग केवल कृषि कार्य या माल ढुलाई में ही किया जाना चाहिए। इसे ध्यान में रखते हुए लोग अपने तथा अपने परिवार की सुरक्षित यात्रा के लिए सुरक्षित साधनों को ही अपनाएं। मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा के मद्देनजर ग्रामीण इलाकों में विशेष जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में अगले एक पक्ष में बैठकें आयोजित कर पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा आमजन को सुरक्षित परिवहन साधनों को अपनाने के लिए जागरूक किया जाए। सूचना, लोक निर्माण तथा परिवहन विभागों द्वारा इस संबंध में प्रमुख स्थानों पर जागरुकता के लिए होर्डिंग्स लगाई जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के मद्देनजर प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें परिवहन तथा पुलिस विभाग की विशेष भूमिका है। इस कार्यवाही में जनता का सहयोग लिया जाए। इसके लिए फोन नंबर जारी किए जाएं, जिस पर जागरूक नागरिक ओवरलोडिंग तथा सड़क सुरक्षा के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी दे सकें। इस कार्य से ह्य112ह्व सेवा को भी जोड़ा जाए। इस अवसर पर परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक डीएस चौहान, प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वरलू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


# फिल्म मेकर एकता कपूर और उनकी मां शोभा के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी, मामले में उनके वकील ने तोड़ी चुप्पी



**मुंबई।** बीते दिनों खबरें आ रही थीं कि फिल्म मेकर एकता कपूर और उनकी मां शोभा के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया है। इतना ही नहीं कहा जा रहा था कि बिहार के बेगूसराय की एक अदालत ने एकता कपूर की वेब सीरीज  के खिलाफ अरेस्ट वारंट भेज दिया है। हालांकि, अब एकता की वकील ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए अपना बयान जारी किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि एकता और उनकी मां को कोई भी वारंट नहीं मिला है।

दरअसल कुछ समय पहले एकता पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने अपनी इस वेब सीरीज में सैनिक की पत्नी की छवि खराब करने की कोशिश की है, जिसकी वजह से बेगुसराय न्यायिक दंडाधिकारी विकास कुमार के न्यायालय से वारंट जारी किया गया है। इन खबरों के खिलाफ एकता कपूर के वकील ऋषिकेश पाठक का बयान सामने आया है। उन्होंने एकता और उनकी मां पर लगे इस तरह के आरोपों को झूठा और बेबुनियाद ठहराया है। वकील ने अपने बयान में कहा कि- 'बीते दिनों में बिहार के बेगूसराय में एक मजिस्ट्रेट कोर्ट के जरिए एकता कपूर और उनकी मां श्रीमती शोभा कपूर के खिलाफ गिरफ्तारी वरंट जारी करने का आरोप लगाने वाली खबरें आ रही थी। ये सभी खबरें झूठी हैं, अभी तक एकता या उनकी मां शोभा को कोई भी वारंट नहीं मिला है।'

# नॉनवेज खाने वालों के मुकाबले वेजिटेरियन्स में कैंसर का खतरा 14 प्रतिशत तक कम



दुनिया के कई डॉक्टर्स और हेल्थ एक्सपर्ट्स वेजिटेरियन डाइट यानी शाकाहारी भोजन का समर्थन करते हैं। इससे शरीर में ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल का लेवल सामान्य बना रहता है। यह डाइट हाइपरटेंशन, मोटापा और टाइप-2 डायबिटीज जैसी कई गंभीर बीमारियों को दूर रखती है।

आज वर्ल्ड वेजिटेरियन डे है, इस मौके पर एक ऐसी रिसर्च के बारे में जानते हैं जो शाकाहारियों को मांसाहारियों में कैंसर के खतरे की तुलना करती है। इसे हाल ही में वर्ल्ड कैंसर रिसर्च फंड, कैंसर रिसर्च वड और ऑक्सफोर्ड पॉपुलेशन हेल्थ ने इटउ मेडिसिन जर्नल में पब्लिश किया है।

### 4 लाख 72 हजार लोगों पर रिसर्च

रिसर्च में 4 लाख 72 हजार लोगों को शामिल किया गया। इनका डाइट डेटा वड बायोबैंक से लिया गया। मांस और मछली खाने वाले लोगों को अलग-अलग कैटेगरीज में बांटा गया। इन लोगों के 11.4 साल के डाइट पैटर्न को फॉलो किया गया। पहले ग्रुप में वो लोग थे जो हफ्ते में 5 या ज्यादा दिन नॉनवेज खाते थे। ये लोग रेड मीट से लेकर चिकन तक, सभी तरह का नॉनवेज खाते थे। दूसरे ग्रुप में वो लोग थे जो हफ्ते में 5 या उससे कम दिन मांस खाते थे। तीसरे ग्रुप में उन्हें रखा गया जो पेस्केटेरियन्स थे, यानी सिर्फ मछली खाने वाले। चौथे और आखिरी ग्रुप में ऐसे शाकाहारी लोगों को रखा गया, जिन्होंने कभी नॉनवेज नहीं खाया।

### नॉनवेज से सेहत को नुकसान

वैज्ञानिकों ने पाया कि रेगुलर नॉनवेज खाने वाले लोगों की तुलना में कम नॉनवेज खाने वालों में किसी भी कैंसर का खतरा 2 प्रतिशत घट जाता है। पेस्केटेरियन्स में ये खतरा 10 प्रतिशत और शाकाहारियों में 14 प्रतिशत कम होता है। कम मांस खाने वालों में आंत में कैंसर होने का खतरा भी 9 प्रतिशत कम पाया गया। शाकाहारी महिलाओं में मेनोपॉज के बाद होने वाले ब्रेस्ट कैंसर (स्तन कैंसर) का खतरा 18 प्रतिशत कम मिला। इसकी वजह नॉर्मल वजन को भी माना जा सकता है। मांसाहारियों के मुकाबले पेस्केटेरियन्स में प्रोस्टेट कैंसर का खतरा 20 प्रतिशत और शाकाहारियों में 31 प्रतिशत कम पाया गया। वहीं, बातचीत में डॉक्टर अयान बसु ने कहा- वेजिटेरियन डाइट कोलोरेक्टल कैंसर के जोखिम को 22% तक कम करती है। साथ ही कोई भी कैंसर होने के कुल खतरे को 10 से 12 प्रतिशत तक कम कर देती है। इसलिए बेहतर सेहत के लिए वेजिटेरियन डाइट अच्छी मानी जाती है। फूड एंड सेफ्टी स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी कुछ समय पहले एक फोटो ट्वीट कर शाकाहारी खाने के फायदों के बारे में जानकारी दी थी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में गाजियाबाद का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की रैंकिंग शनिवार को जारी कर दी गई है, 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को पीछे छोड़ गाजियाबाद ने प्रदेश में पहला और देश में 12वां स्थान प्राप्त किया है। यह गाजियाबाद की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। इससे पहले वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद दूसरे नंबर पर और देश में 18वें नंबर पर रहा था। नई रैंकिंग से गाजियाबाद के नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों का उत्साह बढ़ा है। देश के शीर्ष 15 स्वच्छ शहरों में उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में सिर्फ गाजियाबाद और मेरठ शामिल शामिल हैं। गाजियाबाद 12वें पर और मेरठ 15वें नंबर पर है। पहले नंबर पर फिर से इंदौर ही रहा है। 16 लाख से अधिक




आबादी वाले गाजियाबाद को थ्री स्टार रेटिंग मिली है और ओडीएफ प्लस, प्लस घोषित किया गया है।

## इन सुविधाओं में 90 प्रतिशत से ऊपर रहा गाजियाबाद

स्वच्छ सर्वेक्षण में घर-घर जाकर कूड़ा उठाने, सड़कों की सफाई, तालाबों की सफाई, रिहायशी क्षेत्रों की सफाई, बाजारों की सफाई, रिहायशी क्षेत्रों में सड़कों की धुलाई का कार्य में गाजियाबाद को 90 प्रतिशत से अधिक और नालों की सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, खुले में कूड़ा डंप न करने पर गाजियाबाद को 75 प्रतिशत से अधिक स्वच्छ माना है।

**प्राप्त हुए 5,387 नंबर:** सिटीजन वाइस में नगर निगम गाजियाबाद को 2250 में से 1881.98, सर्टिफिकेशन में 2,250 में से 600, सर्विस लेवल में 3,000 में से 2,305.68 अंक गाजियाबाद को दिए गए हैं। कुल 7,500 अंकों में से नगर निगम गाजियाबाद को 5,387.67 अंक प्राप्त हुए हैं।

**रंग लाई मेहनत:** गाजियाबाद की सफाई व्यवस्था बेहतर करने में पूर्व नगर और हाल ही में गोरखपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बनाए गए महेंद्र सिंह तंवर, महापौर आशा शर्मा, शहरवासियों और सफाई कर्मचारियों का महत्वपूर्ण का महत्वपूर्ण रोल रहा। पूर्व नगर आयुक्त ने एक-एक कर शहर में सड़क पर बने 75 कूड़ाघर खत्म कराए। दो गार्बेज फैक्ट्री भी उनके कार्यकाल में कूड़ा निस्तारण के लिए बनाई गई। तालाबों की सफाई और सड़कों से धूल हटाने के लिए थैले में धूल भरने का अभियान भी उनके कार्यकाल में चला। स्वास्थ्य विभाग के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. एमके सिंह और सभी सफाई कर्मचारियों ने नगर आयुक्त के निर्देशन में कार्य कर गाजियाबाद को अब स्वच्छ सर्वेक्षण में अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दिलाई, नतीजों से सभी लोग खुश हैं। उधर, नगर आयुक्त डौ नितिन गौड का कहना ळै कि यह रैंकिंग शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयासों का परिणाम है। अब और मेहनत करेंगे ताकि प्रदेश में गाजियाबाद का यह स्थान सुरक्षित रहे और देश में निरंतर ऊंचे पायदान पर काबिज हो।

# भाजपा ने कोरोना के खिलाफ जान गंवाने वालों के स्वजनों को धनराशि देने में लगाया भेदभाव का आरोप

**नई दिल्ली ।** भाजपा ने दिल्ली सरकार पर कोरोना के खिलाफ लड़ाई में जान गंवाने वालों के स्वजनों को सम्मान राशि देने में भेदभाव करने का आरोप लगाया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली में कोरोना से लोगों को बचाते हुए पांच सौ से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

दिल्ली सरकार ने इनके स्वजनों को एक-एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की थी, लेकिन अबतक सिर्फ 56 लोगों को यह मिला है। सफाई कर्मचारियों को लगभग पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में जनता के साथ ही डाक्टर, नर्स, पैरामेडिकल कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, शिक्षक, पुलिसकर्मी और अन्य कर्मचारियों की जान चली गई थी। दिल्ली नगर निगम के 102 सफाई कर्मचारियों की कोरोना में लोगों की सेवा करते हुए मृत्यु हुई थी। इन सफाई कर्मचारियों में से एक-दो के स्वजनों को ही एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि दी गई है।

अब सरकार यह कह रही है कि नगर निगम ने आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए, जबकि सच्चाई यह है कि सरकार के पास एक-एक मौत का आंकड़ा और उनका पूरा विवरण मौजूद है। यही व्यवहार पुलिसजनों के साथ भी किया गया। पुलिसकर्मी अमित को के स्वजन को सम्मान राशि देने की घोषणा स्वयं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर की थी। बाद में उनके स्वजन को एक करोड़ की सम्मान राशि देने से इन्कार कर दिया गया। अदालत के निर्देश के बावजूद सरकार ने यह सम्मान राशि अब तक नहीं दी है। उन्होंने सरकार से बिना भेदभाव सभी पात्र लोगों के स्वजनों को सम्मान राशि देने की मांग की है।

# नीलामी में नहीं बिक पा रही है प्राधिकरण की संपत्तियां

**गाजियाबाद।** प्राधिकरण की संपत्तियों को खरीदने के लिए नीलामी में बेतुकी बोली लगाने वाले सिर दर्द बने हुए हैं। इंदिरापुरम, गोविंदपुरम, प्रताप विहार व अन्य योजनाओं करीब 12 से ज्यादा संपत्ति, जिनकी कीमत जीडीए की न्यूनतम आरक्षित दर के हिसाब से ही करीब 20 करोड़ है। यह ऐसी संपत्तियां बेतुकी बोली लगाने वालों के कारण बिक नहीं पा रही है।




दरअसल, पूर्व में उपरोक्त संपत्तियों की बोली लगाने वालों ने मार्केट रेट से कई गुना ज्यादा बोली लगा दी और बाद में सरेंडर कर दिया। अधिकतम बोली लगाए जाने के कारण आडिट आपत्ति लगने की वजह से प्राधिकरण अब उक्त संपत्तियों को पूर्व में आई बोली से कम रेट पर नहीं बेच पा रहा है। 10-12 बार नीलामी में लगाने के बाद भी पूर्व की बोली में लगा रेट नहीं आ पा रहा है इसी कारण यह संपत्तियां नहीं बिक पा रही हैं। उपरोक्त बाधा को दूर करने के लिए प्राधिकरण में मंथन चल रहा है। प्राधिकरण की योजना बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास कर ऐसी संपत्तियों का निस्तारण करने की है जिन संपत्तियों के लिए लोग बेतुकी बोली लगाते हैं और बाद में सरेंडर कर देते हैं। ऐसी संपत्तियों को पांच बार नीलामी में लगाया जाएगा। यदि पांच बार में भी उक्त बोली से ज्यादा बोली नहीं लगती है तो जीडीए अधिकारियों के कमेटी उक्त संपत्ति के आसपास मार्केट में सर्वे कर एक रेट निर्धारित करेगी। अगली बार नीलामी में अगर कमेटी के सर्वे के मुताबिक बोली लगती है तो संपत्ति को नीलाम कर दिया जाएगा।

दरअसल, जिन लोगों ने प्राधिकरण की संपत्ति पर अतिक्रमण कर रखा है और उसके जरिए मोटी आय करते हैं। वह जानबूझकर बेतुकी बोली लगाते हैं ताकि संपत्ति नीलाम न हो सके और उनका अतिक्रमण व आय का जरिया बरकरार रह सके। उदाहरण के लिए इंदिरापुरम का न्यूनतम आरक्षित मूल्य 70 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर है। यहाँ मार्केट रेट सामान्य तौर पर एक लाख 10 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर का है लेकिन जिन लोगों ने प्राधिकरण की संपत्ति पर अतिक्रमण कर रखा है। वह उक्त संपत्ति की बोली जानबूझकर ढाई से तीन लाख रुपये प्रति वर्गमीटर लगाते हैं ताकि उनका अतिक्रमण बरकरार रह सके, क्योंकि प्राधिकरण की संपत्ति किराये पर देकर या खुद कुछ काम कर ऐसे लोग मोटी आय करते हैं तो इन्हें नीलामी में ऊंची बोली लगाने के बाद सरेंडर करने पर जब्त होने वाली राशि का भी कोई दुख नहीं होता है।

## ग्रीन पटाखों से प्रतिबंध हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर ग्रीन पटाखों पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार द्वारा ग्रीन पटाखों पर प्रतिबंध लगाने से रामलीला मंचन और दशहरा कार्यक्रम आयोजित करने वालों में निराशा है। यह प्रतिबंध हटाने की जरूरत है जिससे कि लोग हर्षोल्लास के साथ त्योहार मना सकें। उन्होंने कहा कि दिल्ली धार्मिक महासंघ द्वारा इस संबंध में 28 सितंबर को पत्र लिखा गया था। महासंघ ने दशहरा महोत्सव में प्रदूषण रहित आतिशबाजी की अनुमति देने की मांग की थी। उनके पत्र को ध्यान में रखते हुए ग्रीन पटाखों पर तुरंत प्रतिबंध हटाया जाना चाहिए।

# डांडिया महोत्सव में रंग-बिरंगे कपड़ों में स्टूडेंट्स ने बांधा समां

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड पर गांव दुहाई स्थित आईएएमआर कॉलेज में डांडिया महोत्सव का आयोजन सोमवार को हुआ। सामूहिक डांडिया के साथ ग्रुप डांस, ग्रुप सॉन्ग, सोलो सॉन्ग आदि की प्रस्तुति स्टूडेंट्स ने दी। डांडिया महोत्सव की शुरूआत में समूह के सचिव संजय बंसल ने सभी को दशहरा की शुभकामनाएं दी।

संयुक्त सचिव अंशु बंसल ने कहा कि, नवरात्रि में मां 9 अलग-अलग रूपों में प्रकट होती हैं। इससे हमें यह सबक मिलता है की हमें स्थितियों के अनुसार नई शैली, ढंग या रुख को अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। समूह निदेशक डॉ. पीके वशिष्ठ ने कहा कि जीवन में खुला दिमाग रखकर कुछ न कुछ सीखते रहना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में हलवा प्रसाद



वितरित किया गया। डॉ. सगुण अग्रवाल, डॉ. ऋषि तपाड़िया, डॉ. सुनीत द्विवेदी, डॉ. अर्जुन सिंह, प्रो. संजीव कुमार मिश्र, डॉ. विकास सिंह, डॉ. आलेख चौधरी, डॉ. जागृति द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# टूटी सड़कों और धूल-मिट्टी ने बिगाड़ी हवा की फिजा

**गाजियाबाद।** शहर में टूटी सड़कों और धूल मिट्टी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। धूल मिट्टी के कारण चारों तरफ प्रदूषण फैल रहा है और लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। वहीं, दस दिन के भीतर वायु गुणवत्ता सूचकांक (49) से 210 पर जा पहुंचा है। इससे पहले चार दिन बारिश होने से बड़ी राहत मिली थी, क्योंकि तब धूल नहीं उड़ रही थी। इसके बाद से हवा में जहर बढ़ता जा रहा है। प्रशासन ने एक अक्तूबर से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू तो कर दिया लेकिन गड्ढे भरकर धूल पर नियंत्रण के इंतजाम नहीं किए और न ही पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। मौसम के जानकारों का कहना है कि हवा में धूल के कण बहुत बढ़े हुए हैं।

हवा की गति धीमी होने से वायुमंडल में धूल और मिट्टी के कण तेजी से फैल रहे हैं। शनिवार को वसुंधरा का एक्यूआई 252, लोनी का एक्यूआई का 260, इंदिरापुरम का 197 और संजय नगर का 131 रहा। औसत एक्यूआई 210 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी का माना जाता है। सितंबर महीने में 14 दिन हवा सांस लेने लायक रही।

इन दिनों में एक्यूआई 50 से कम रहा। मौसम विज्ञानी डॉ. अरविंद यादव ने बताया कि हवा में प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारक इन दिनों धूल के कण ही हैं। इनकी अपेक्षा धुएं के कणों की संख्या कम है। उधर, हाल ही में कराए गए सर्वे में नगर निगम क्षेत्र में सभी औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कें जर्जर हालत में मिलीं। इनके गड्ढों से दिन भर धूल उड़ती है।

# Dussehra 2022: बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न, धूं-धूं कर जला दशानन

**गाजियाबाद।** शहर में बुधवार को विजयदशमी महापर्व मनाया गया। रामलीला महोत्सव में आखिरी दिन श्रीराम व रावण की सेना का घनघोर युद्ध हुआ। गाजियाबाद के इंदिरापुरम शक्तिखंड श्रीराम लीला महोत्सव और वसुंधरा सेक्टर-16 संकट मोचन प्राचीन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला महोत्सव में मेघनाद वध, सुलोचना राम वार्ता, अहिरावण वध और रावण के युद्ध का रोचक मंचन किया गया। यहां पर समिति के चेयरमैन ने इलेक्ट्रॉनिक बटन दबाकर रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया। पुतलों के दहन के समय लोगों में सेल्फी का क्रेज भी देखने को मिला। वैशाली सेक्टर-2 और वसुंधरा सेक्टर-1 की श्री हरि रामलीला समिति की तरफ से आयोजित रामलीला में रावण, कुंभकर्ण, मेघनाद के पुतलों के दहन के साथ जल बचाओ और हरियाली विकसित करने की शपथ ली गई। यहां लंकेश्वर के वध के बाद बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया गया। रामलीला में दर्शकों ने श्रीराम के जयकारें लगाए। वसुंधरा सेक्टर-16 संकट मोचन प्राचीन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति के चेयरमैन नरेंद्र भारद्वाज ने बटन दबाकर पुतलों का दहन किया। चेयरमैन ने बताया कि पुतलों के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराईयों को खत्म करने का संदेश दिया गया। इस दौरान बीना सेंगर, सुशील उपाध्याय, उमा शंकर शर्मा, वीरेंद्र टंडन, मनोज भारद्वाज, नितिन यादव, संजीव यादव मौजूद रहे। वहीं, न्यायखंड-1 धरोहर रामलीला की ओर से आयोजित रामलीला में मीडिया प्रभारी शिवराज सिंह रावत ने बताया कि रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद को सांकेतिक रूप से दिखाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया। रामायण कला संगम समिति लाजपत नगर, झंडापुर, राजेंद्र नगर गोल पार्क, बृज विहार, इंदिरापुरम, वैशाली सेक्टर-2 में भी अहिरावण वध और पुतलों का दहन हुआ।



### बच्चों ने तैयार किया रावण का पुतला

सूर्य नगर के ब्लॉक ए में 12 फुटा ऊंचा रावण का पुतला तैयार किया गया। यहां बच्चों ने आसपास से कागजा, घास-फूस व गत्ते से रावण का पुतला बनाया। देर रात को बच्चों ने रावण के पुतले का दहन कर जीवन में बुरे कार्यो से दूर रहने का संकल्प लिया। समाजसेवी जैनेंद्र चौहान ने बच्चों को मनोबल बढ़ाया। इस दौरान निश्चय, आर्यव, यश, राहुल, शिवेन चौहान, ओजसवीर, दक्ष मौजूद रहे। दूसरी तरफ वसुंधरा और इंदिरापुरम रामलीला महोत्सव के मेले में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने रामलीला महोत्सव में जमकर खरीदारी भी की।

### श्रीराम राज से छायी खुशी

बुधवार को सभी रामलीला महोत्सव में श्रीराम के राजतिलक का मंचन किया जाएगा। श्री रामलीला समिति ट्रांस हिंडन इंदिरापुरम की तरफ से श्रीराम राज्यभिषेक और आतिशबाजी की जाएगी।

## वसुंधरा की फ्रेंड्स सोसायटी में डांडिया और गरबा नृत्य ने मोहा मन






**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर-12 स्थित फ्रेंड्स को-ऑपरेटिव सोसायटी में रामनवमी विजय दशमी के मौके पर डांडिया नृत्य हुआ। जिसमें महिलाओं ने रंग-बिरंगी पोशाक में सुज्जित होकर डांडिया और गरबा नृत्य किया और सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। डांडिया नृत्य में सोसायटी और आसपास से काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। महिला मंडल ने बताया कि डांडिया और गरबा के इस आयोजन में करीब 200 से ज्यादा महिलाएं पहुंची और देर रात तक मनमोहक गीतों पर झूमती हुई नजर आई। उन्होंने कहा कि ऐसे महोत्सव से आपसी एकजुटता बढ़ती है। बेहतर डांडिया नृत्य प्रस्तुत करने वाले को पुरस्कार भी दिया गया। सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को दुगार्पूजा पर्व की बधाई भी दी। इस मौके पर मनीषा भार्गव, ममता, अनिता, ईशा, रजनी आदि मौजूद रहे।

## संयुक्त जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में निकला सांप, मरीजों में मची अफरा-तफरी

**गाजियाबाद।** सेक्टर-23 संजयनगर स्थित संयुक्त जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी वार्ड में देर रात सांप के निकलने से अफरा-तफरी मच गई। सांप को देखकर वार्ड में भर्ती मरीजों में एकाएक भगदड़ मच गई। कई मरीज बेड से उठकर बाहर भाग गए। सांप से डरे-सहमें मरीजों को रात भर नींद तक नहीं आई। मरीजों के मन में डर था कहीं फिर से सांप न आ जाए। वहीं वार्ड ब्वाय ने सूझबूझ दिखाते हुए ग्लब्स पहनकर सांप को पकड़कर बाहर फेंक दिया। संयुक्त जिला चिकित्सालय में देर रात सांप निकलने के बाद मरीजों के साथ अस्पताल के कर्मियों में दहशत फैल गई। इमरजेंसी वार्ड में सांप की सूचना पाकर डाक्टर, फार्मासिस्ट और वार्ड ब्वाय उसे पकडे के लिए सभी जुट गए। लेकिन कोई भी सांप को निकालने की हिम्मत नहीं जुटा सका। स्थानीय पुलिस को इसकी दी गई। इसी बीच अस्पताल के एक वार्ड ब्वाय आगे आया और सूझबूझ दिखाते उसने सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया। वार्ड ब्वाय गोकुल ने ग्लब्स पहना और सांप को दोनों हाथों से पकड़ लिया। खास बात यह है कि सांप को नुकसान पहुंचाने की बजाय ठीक इंसानों की तरह इलाज करते हुए वार्ड ब्वाय उसे बाहर ले गया और सुरक्षित जंगल की तरफ छोड़ दिया। इस घटना के बाद इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों को रात भर नींद नहीं आई और कुछ मरीज तो बेड से नीचे ही नहीं उतरे।



## महिला उद्यमियों ने मेले में लगाए स्टाल

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में उत्तर प्रदेश महिला उद्योग व्यापार मंडल की ओर से बुधवार को दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित वर्कर्स क्लब में महिला उद्यमी प्रोत्साहन मेले का आयोजन किया गया। मेले में 30 से अधिक महिला उद्यमियों और कारोबारियों ने स्टाल लगाकर लाखों के प्रोडक्ट्स की बिक्री की। बुधवार की दोपहर मेले का शुभारंभ विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पहुंचे सांसद डॉ.सत्यपाल सिंह ने मेले में लगे स्टालों को देखा। महिला उद्यमियों से बातचीत की। सांसद ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहीं हैं। व्यापार और कारोबार में भी महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। मेले में फैंसी आइटम, सजावटी सामान, हैंडीक्रॉफ्ट, फूड प्रोडक्ट आदि सहित विभिन्न प्रोडक्ट्स की स्टाल लगी। मेले में पहुंचे लोगों ने जमकर खरीदारी की।व्यापारी नेता अमित गोयल, डॉ. सोनिका जैन, प्रीतम लाल, सुभाष चौधरी, प्रतिभा गर्ग, मिताली अग्रवाल, निर्दोष खटाना तथा संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।



Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement:** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax:** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.